(Pages : 4)

S 1923

Sl. No.

SSLC EXAMINATION, MARCH - 2024

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours

Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

Score

सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

"मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।" "क्यों साहिल?" "पता नहीं क्यों" "तो यानी कि अब तुम फुलेरा में ही नहीं रहोगे?" "नहीं। तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना।" साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का।

1. साहिल पाँचवीं के बाद कहाँ पढ़ने जाएगा ? 1

(क) अजमेर में (ख) फुलेरा में (ग) जयपुर में (घ) दिल्ली में

2. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 3 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार..(दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।)

3. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) पिता की आवाज़ फट जाने से चार्ली को स्टेज पर गाना पड़ा।

(ख) माँ की आवाज़ फट जाने से चार्ली को स्टेज पर गाना पड़ा।

(ग) दोस्तों के कहने से चार्ली को स्टेज पर गाना पड़ा।

(घ) आर्केस्ट्रावालों के कहने से चार्ली को स्टेज पर गाना पड़ा।

https://www.keralaboard.com

Score

2

4. लोगों ने छोटे बच्चे चार्ली की प्रशंसा क्यों की? 4

5. चार्ली के पहले शो का जिक्र करते हुए **रपट** तैयार करें।

अथवा

चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार...। उस दिन माँ डायरी लिखती है। वह **डायरी** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।

> कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
> कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
> कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
> कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

6. चूल्हा और चक्की के पास कौन सोई? 1

7. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> ढाणी पर काम करने वाले और बच्चों की तरह उसे भी सब छोटू कहकर बुलाते हैं। उसकी माँ जैसलमेर के किसी सुदूर देहात से आकर उसे भाटी सा की चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ जाती है।

8. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वे + की = उसकी (ख) वह + की = उसकी

(ग) यह + की = उसकी (घ) ये + की = उसकी

9. 'गाँव' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

(क) काम (ख) छोटू (ग) देहात (घ) थड़ी

https://www.keralaboard.com

Score

4

10. सही मिलान करें।

छोटू ने स्वयं ही	कलाम की कलाकारी की प्रशंसा की।
रणविजय ने भाषण में	कलाम को दिल्ली ले जाने का वादा किया।
दुकानवाले भाटी सा ने	अपना नाम कलाम रख लिया।
विदेशी टूरिस्ट लूसी मैडम ने	प्रथम पुरस्कार पाया।

सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

माँ को बुआ का साथ देता देख गुठली गुस्से के साथ उदास भी हो गई और सीढ़ियों पर बैठ गई। सोचती रही क्या यह घर उसका नहीं? क्या उसके आम की कैरियाँ वह कभी नहीं खा पाएगी?

11. माँ को बुआ का साथ देता देखकर कौन दुखी हो गई? 1

(क) दीदी (ख) छोटी बहन (ग) गुठली (घ) ताईजी

12. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) गुठली सोचने लगा। (ख) गुठली सोचनी लगी।

(ग) गुठली सोचनी लगा। (घ) गुठली सोचने लगी।

13. अक्तूबर 11 'अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' है। इस अवसर पर 'हर लड़की आगे बढ़े' का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

अपने घर में पराई का अनुभव होने से गुठली परेशान है। घर के अनुभव बताते हुए वह सहेली के नाम पत्र लिखती है। गुठली का **पत्र** लिखें।

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्यौहार नहीं है। उधर बच्चे फूलदेई के जश्न में शामिल होते हैं और इधर बड़े ढोल-ढमाऊ की थाप पर चैती गीत गाते हैं।

14. उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में बच्चों का सबसे बड़ा त्यौहार कौन-सा है? 1

https://www.keralaboard.com

Score

15. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) ढोल (ख) जश्न (ग) दूसरा (घ) बच्चे

16. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(बसंत में, चैती)



सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> जोखू ने लोटा मुँह से लगाया तो पानी में सख्त बदबू आई। गंगी से बोला– यह कैसा पानी है? मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाए देती है!

17. 'गला सूखा जा रहा है' का मतलब क्या है? 1

(क) बहुत भूख लग रही है। (ख) बहुत प्यास लग रही है।

(ग) बहुत पीड़ा लग रही है। (घ) बहुत सर्दी लग रही है।

18. पानी के सड़ने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? 2

19. कहानी के इस प्रसंग में जोखू और गंगी के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

संकेतों की सहायता से गंगी के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें।

- आत्मविश्वासी
- स्नेहशील
- जाति-प्रथा का विरोध करनेवाली
- साहसी

-oOo-

https://www.keralaboard.com